दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 24 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

---

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि शिक्षण कार्य में लापरवाही करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है। ऐसे में अपनी जिम्मेदारियों से लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बेहतर पढ़ाई, शौचालय, मीड–डे मिल, बेंच–टेबल और एक्स्ट्रा क्लास की भी व्यवस्था की जा रही है।

———————————————————————

केंद्र सरकार वजन और माप की जांच प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए जांच केंद्रों–जीएटीसी की भूमिका का विस्तार करेगी। इसके लिए दो हजार तेरह के नियम में संशोधन किया गया है। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने कहा कि नए नियमों के तहत ये केंद्र वजन और माप की तेईस श्रेणियों का सत्यापन कर सकेंगे। इनमें पेट्रोल और डीजल, सीएनजी, एलपीजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसर की जांच भी शामिल है। इसका उद्देश्य व्यापार को पारदर्शी बनाना, व्यवस्था में तकनीक के उपयोग और वैश्विक मानकों के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को बढ़ावा देना है।

———————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आज पटना के उन्नासी केंद्रों समेत राज्य के विभिन्न केंद्रों पर सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुयी और पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे समाप्त हो गयी। दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न ढाई बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगी। इस दौरान विभिनन केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

———————————————————————

सेना की खुफिया एजेंसी और राज्य पुलिस की एसटीएफ टीम ने पूर्वी चंपारण के मोतिहारी से जाली नोट का नेटवर्क चलाने वाले गिरोह के सरगना सुशील तिवारी उर्फ

दया तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर भारत, नेपाल और बांग्लादेश में जाली नोटों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुशील तिवारी की गिरफ्तारी के लिए कई केंद्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियां लगातार काम कर रही थी।

———————————————————————

प्रदेश के दक्षिण भागों में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। अधिकतर स्थानों पर पारा चालीस डिग्री के पार हो गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान पैंतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। इसके साथ ही प्रदेश के दक्षिणी भागों में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहेगा। इधर, राज्य के उत्तरी भागों में निम्न दवाब का क्षेत्र बनने के कारण आंधी, बारिश और वज्रपात की परिस्थितियां बनी हुयी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज दो मुकाबले होंगे। पहला मैच मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुंबई में दोपहर साढे तीन बजे से होगा। दूसरा मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और डेल्ही कैपिटल्स के बीच कोलकाता के इडेन गार्डन स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। विजेता टीमों को प्लेऑफ में जगह मिलेगी। प्रतियोगिता में कल पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया।

———————————————————————

लोजपा–रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने वैशाली जिला मुख्यालय, हाजीपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हत्याकांड के पीड़ित को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। साथ ही अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत सहायता राशि भी प्रदान की।

———————————————————————

अररिया जिला अंतर्गत झमटा गांव में परमान नदी पर बने पुल के क्षतिग्रस्त होने की जांच शुरू कर दी गयी है। पटना और पूर्णिया से विशेषज्ञ इंजीनियरों की टीम ने

मौके पर पहुंचकर दरार वाले हिस्से की जांच की। इधर, जिले में पॉक्सो कानून को लेकर जागरूकता अभियान ‘सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य’ चलाया गया।

———————————————————————

भागलपुर जिले में महात्मा गांधी के आगमन के सौ साल पूरे होने के अवसर पर आठ और नौ अगस्त को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बैठक की गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।